# मवाना मैराथन विजेता को मिलेंगे ढाई लाख

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

पिछले साल की तरह इस बार भी मवाना शुगर्स इंडिया ओपन मैराथन के आयोजन की तैयारियां हो गई हैं। बड़ा आकर्षण पुरुष व महिला, दोनों वर्गों में विजेताओं को बराबर इनामी रकम मिलना रहेगा।

विजेताओं को अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुसार डोप टेस्ट से भी गुजरना पड़ेगा। यह जानकारी देते हुए मवाना शुगर्स लिमिटेड के अध्यक्ष सिद्धार्थ श्रीराम ने गुरुवार को बताया कि फुल मैराथन के पुरुष व महिला, दोनों वर्गों के विजेताओं को 2.5-2.5 लाख रुपये की इनामी राशि दी जाएगी। मैराथन में कुल 15 लाख रुपये की इनामी राशि रखी गई है। दूसरे स्थान के लिए एक-एक लाख रुपए और तीसरे स्थान पर 50-50 हजार रुपए दिए जाएंगे। हाफ मैराथन के पुरुष और

## होगा डोप टेस्ट भी

- पुरुष और महिला दोनों वर्गों में दिया जा रहा है समान पुरस्कार
- एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया कराएगा विजेताओं के डोप टेस्ट

महिला विजेताओं को 70-70 हजार रुपए मिलेंगे। उन्होंने बताया, 42.165 किलोमीटर की मैराथन 17 फरवरी को इंडिया गेट से शुरू होगी। ऊषा इंटरनेशनल के सहयोग से हो रही मैराथन में रिकॉर्ड 12000 एथलीटों के आने की उम्मीद है। 11 फरवरी प्रविष्टि की अंतिम तारीख है।

वहां मौजूद एथलेटिक्स महासंघ के निदेशक एमएल डोगरा ने कहा, 'इस मैराथन में बने रिकॉर्ड को एएफआई से मान्यता मिलेगी और नियमानुसार विजेता धावकों के डोप टेस्ट भी कराए जाएंगे।'